# Sri Arvind Mahila College, Patna

Accredited by NAAC with B$^{+}$ Grade

(A Constituent Unit of Patliputra University, Patna)

**Organizing Department:** Viksit Bharat @ 2047 College Unit

Awareness Session and Short Speech Competition under Viksit Bharat @ 2047: Voice of Youth Campaign

22.12.2024

विकसित भारत @ 2047- युवाओं की आवाज" अभियान के तहत श्री अरविन्द महिला कॉलेज, पटना में जागरूकता सत्र तथा संक्षिप्त भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का प्रारम्भ करते हुए कॉलेज के इस अभियान के नोडल ऑफिसर श्री आदित्य भारद्वाज ने पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से भारत सरकार द्वारा लॉन्च किये गये इस अभियान के बारीकियों से अवगत करवाते हुए छात्राओं को अपने विचारों को सरकार तक पहुँचाने के लिए प्रेरित किया. संक्षिप्त भाषण प्रतियोगिता के तहत इंटरमीडिएट से लेकर पीजी तक की करीब चालीस छात्राओं ने सशक्त युवा: समृद्ध समाज ; सशक्त भारतीय; उन्नतिशील और धारणीय अर्थव्यवस्था ; नवाचार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी ; सुशासन और सुरक्षा और विश्व में भारत विषयों पर अपने विचार व्यक्त किये.

इस प्रतियोगिता में शताक्षी (इंटरमीडिएट) को प्रथम ; प्रीति कुमारी (स्नातक तृतीय वर्ष , राजीनीति विज्ञान) को द्वितीय; श्रेया कुमारी (पीजी प्रथम सेमेस्टर, इतिहास) को तृतीय; सिद्धि सिंह (बी.कॉम, तृतीय वर्ष) को चतुर्थ तथा सुकृति (स्नातक द्वितीय वर्ष , इतिहास) को पांचवें पुरस्कार से सम्मानित किया गया. इस प्रतियोगिता के मुख्य जज प्रो. योगेन्द्र कुमार ने इस अवसर पर छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें स्वतंत्रता की प्राप्ति जिस प्रकार जन जन की भागीदारी सुनिश्चित होने से हुई थी उसी प्रकार विकसित भारत का संकल्प तभी पुरा होगा जब इसमें भारत के सभी लोगों की भागीदारी सुनिश्चित होगी. अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ललन कुमार ने छात्राओं को महापुरुषों की जीवनियों को पढ़ कर उनसे प्रेरणा प्राप्त करने सन्देश दिया.

कार्यक्रम का संचालन गोपाल कुमार के द्वारा किया गया तथा इस अवसर पर महाविद्यालय के आई.क्यू.ए.सी. के समन्वयक प्रो. अंजलि प्रसाद , नैक के समन्वयक श्री राजीव शंकर सिन्हा, प्रो. साधना ठाकुर, प्रो. एम. आई. एच. खान, डॉ. रीता सिंह, डॉ. पुष्पा राय, डॉ. सपना बरुआ, डॉ. सुप्रीता सुमन, सौरभ कुमार सहित 125 छात्राएं उपस्थित रहीं.

# अरविंद महिला कॉलेज में भाषण प्रतियोगिता में शताक्षी को पहला स्थान

**पटना.** विकसित भारत @ 2047- युवाओं की आवाज अभियान के तहत श्री अरविंद महिला कॉलेज में जागरूकता सत्र और संक्षिप्त भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. प्रतियोगिता के तहत इंटर से पीजी तक की करीब 40 छात्राओं ने सशक्त युवा, समृद्ध समाज, सशक्त भारतीय, उन्नतिशील और धारणीय अर्थव्यवस्था, नवाचार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, सुशासन और सुरक्षा, विश्व में भारत विषयों पर विचार व्यक्त किये. प्रतियोगिता में शताक्षी (इंटरमीडिएट) को पहले, प्रीति कुमारी (स्नातक तृतीय वर्ष, राजनीति विज्ञान) को दूसरे, श्रेया कुमारी (पीजी प्रथम सेमेस्टर, इतिहास) को तीसरे, सिद्धि सिंह (बीकॉम, तृतीय वर्ष) को चौथे और सुकृति (स्नातक द्वितीय वर्ष, इतिहास) को पांचवें पुरस्कार से सम्मानित किया गया.

## विभागाध्यक्ष को दी विदाई

वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो एमआइएच खान के सेवानिवृत्ति के अवसर पर विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. विदाई सह सम्मान समारोह के अवसर पर प्रो साधना ठाकुर, डॉ अंजलि प्रसाद, प्रो योगेंद्र कुमार, डॉ संजय अग्रवाल, डॉ अजय कुमार सिंह, डॉ राकेश कुमार सिंह, डॉ मिन्नी सिन्हा ने शुभकामनाएं दीं

प्रभात खबर Sun, 24 December 2023
https://epaper.prabhatkhabar.com/c/741